संख्या. ए-30012/03/2024- समन्वय
भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

खुर्शीद लाल भवन,
जनपथ, नई दिल्ली,
दिनांक: 23.09.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: अगस्त, 2024 माह के लिए मंत्रिमंडल के लिए मासिक सारांश - तत्संबंधी।

अधोहस्ताक्षरी को अगस्त, 2024 माह के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की गतिविधियों का मासिक सार इसके साथ परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

संलग्नक: यथोपरि।

(राज कुमार)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23455303

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य (सूची के अनुसार)।
2. भारत सरकार के सभी सचिव (सूची के अनुसार)।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के माननीय राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
6. भारत के माननीय उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली।
7. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, प्रथम तल , शास्त्री भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि :

i. माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली, के निजी सचिव
ii. सचिव (सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय), खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव ।

1. मंत्रालय ने **12 सितंबर, 2024** को अखिल भारतीय ग्रामीण, शहरी, संयुक्त के लिए **अगस्त, 2024** (अनंतिम) और **जुलाई, 2024** (अंतिम) महीने के लिए **आधार 2012=100** पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के उप-समूहों/समूहों की कीमतों में उतार-चढ़ाव को जारी किया। **अगस्त, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 195.4., 190.3 और 193.0 थे, जो क्रमशः 4.16%, 3.14%, 3.65% की वार्षिक मुद्रास्फीति दर दर्शाते हैं। **जुलाई, 2024** के महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु संबंधित मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 4.10%, 3.03% और 3.60% थीं।

2. **अगस्त, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) क्रमशः 200.8, 208.1 और 203.4 थे। **अगस्त, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु सीएफपीआई के लिए अखिल भारतीय वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दरें क्रमशः 6.02%, 4.99% और 5.66% थीं। **जुलाई, 2024** के महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु संबंधित मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 5.89%, 4.63% और 5.42% थीं।

3. आधार वर्ष 2011-12 के साथ **जुलाई, 2024** (त्वरित अनुमान) के लिए अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) **12 सितंबर, 2024** को जारी किया गया और यह 149.6 रहा।

4. केन्द्रीय और राज्य सांख्यिकीय संगठनों (सीओसीएसएसओ) का 28वां सम्मेलन दिनांक 12-13 अगस्त 2024 को डा. अम्बेडकर अन्तरर्राष्ट्रीय केन्द्र, 15 जनपथ, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। इसमें 30 से अधिक केन्द्रीय मंत्रालयों / विभागों, लगभग 29 राज्यों / संघ राज्य सरकारों, संगठनों / संस्थानों जैसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय सांख्यिकीय संस्थान (आई एस आई) वैज्ञानिक एवम् औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान (आईएएसआरआई), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, (आईसीएआर), पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री (PHDCCI) अंतरराष्ट्रीय संगठन जैसे विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र अभिकरण और अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

5. दिनांक 16 अगस्त, 2024 को सांख्यिकीय परामर्शदाताओं की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को औपचारिक रूप दिया गया था ताकि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यन्वयन मंत्रालय के साथ अन्य मंत्रालयों के सांख्यिकी समन्वय को सुदृढ़ किया जा सके । स्वच्छता सह सांख्यिकीय परामर्शदाताओं के फीडबैक पर पहली कार्यशाला दिनांक 29 अगस्त, 2024 में नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला में केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के सांख्यिकीय परामर्शदाताओं/प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया ।

6. मंत्रालय ने सम्बन्धित मंत्रालयों की परामर्श से एडीजी राष्ट्रीय संकेतकों के लिए लक्ष्य स्थापित करने से संबंधित कार्य का उत्तरदायित्व उठाया। इस संदर्भ में "एसडीजी राष्ट्रीय संकेतकों के स्थापित लक्ष्यों की समीक्षा" का आयोजन दिनांक 16 अगस्त, 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

7. फीडबैक हेतु आँकड़ा उपयोगकर्ताओं/ हितधारकों के साथ सां. सौर कार्य. कार्या. मं. का संवाद और सहभागिता बढ़ाने के लिए असंगठित क्षेत्र उद्यमों का आखिल भारतीय सर्वेक्षण (एएस यूएसई) 2021-22 और एएसयूएसई 2022-23 के परिणामों पर सांख्यिकीय और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा दिनांक 23 अगस्त, 2024 को चेन्नई में एक दिवसीय आंकड़ा उपयोगकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था।
केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधियों, विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के पदाधिकारियों, और विख्यात संस्थानों के आचार्यो और अनुसंधान विद्वानों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।